# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ0प्र0 — 272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id.: registrarsidduniv@gmail.com


पत्रांकः 728/सि0वि0वि0/सूचना/ 2026 दिनांक 10/08/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/नोडल अधिकारी,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

**विषय—दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनांतर्गत स्नातक (UG) स्तर पर NEP–2020 के तहत चार वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु पोर्टल पर 'BA/B.Sc/B.com' (4-Year UG Degree Course) चयन, डाटा सत्यापन एवं निर्धारित समय—सीमा के अनुपालन हेतु।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक शासन एवं समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी दिशा—निर्देशों के क्रम में आपको सूचित एवं निर्देशित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2026—27 हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति NEP-2020 के अंतर्गत स्नातक (UG) स्तर के चार वर्षीय पाठ्यक्रमों के छात्र—छात्राओं के छात्रवृत्ति फॉर्म की प्रोसेसिंग प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है।

**1. पाठ्यक्रम चयन एवं कोर्स मैपिंग (Course Selection & Mapping)**

**अनिवार्य कोर्स चयन**—राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) के अंतर्गत स्नातक (UG) स्तर पर नामांकित छात्र—छात्राओं के छात्रवृत्ति फॉर्म भरवाते समय ऑनलाइन पोर्टल पर 'BA/B.Sc/B.com' (Bachelor of Arts, commerce, science 4 Year UG Course) अथवा शासन द्वारा स्वीकृत 4—वर्षीय यूजी कोर्स कोड का ही चयन कराया जाए।

**सीट एवं विषय मैपिंग**— महाविद्यालय छात्रवृत्ति पोर्टल पर अपने मास्टर डाटा का पुनरीक्षण कर विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित कुल सीट संख्या का सही—सही विवरण ही लॉक करें।

**2. संस्थागत डाटा सत्यापन एवं फॉरवर्डिंग (Data Verification & Forwarding)**

**वर्ष एवं सेमेस्टर का मिलान**— चार वर्षीय पाठ्यक्रम के अनुसार छात्र/छात्रा के वर्तमान अध्ययन वर्ष (Year 1, 2, 3 एवं 4) एवं संबंधित सेमेस्टर का पूर्ण मिलान करने के पश्चात ही आवेदन पत्र डिजिटल हस्ताक्षर (Digital Signature) से अग्रसारित (Forward) किए जाएं।

**त्रुटि संशोधन (Data Correction)**— यदि किसी विद्यार्थी द्वारा त्रुटिवश 3—वर्षीय पाठ्यक्रम या गलत कोर्स कोड चुन लिया गया है, तो संस्थान अपने स्तर से नोटिस जारी कर 'Correction Window' की अवधि में अनिवार्य रूप से संशोधन पूर्ण कराए।

उक्त के क्रम में आपको सूचित किया जाता है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना शासन की शीर्ष प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक है। यदि महाविद्यालय स्तर पर गलत कोर्स चयन, त्रुटिपूर्ण मास्टर डाटा या शिथिलता के कारण विश्वविद्यालय का कोई भी पात्र छात्र—छात्रा छात्रवृत्ति लाभ से वंचित रहता/रहती है, तो इसका समस्त प्रशासनिक एवं वित्तीय उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय प्रशासन एवं प्राचार्य का होगा।

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ०प्र०–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com


**नोट–** समस्त महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय में संचालित प्रथम वर्ष (सत्र 2026–27) में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम में चार वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु पोर्टल पर 'BA/B.Sc/B.com' (NEP 4-Year UG Degree Course) चयन कर ही मास्टर डाटा लॉक करें।

भवदीय

10/08/26

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक : तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि, निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
3. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
4. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट तथा कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।